सकारात्मक सोच की सार्थक पहल 28.09.2018

सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन की गरिमामयी उपस्थिति में सकारात्मक सोच की टीम ने एक शानदार प्रस्तुति दी। टीम की सदस्या श्रीमति किरण शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व को दर्शाया। उन्होंने गाँधीजी के स्व़च्छता संबंधी सपनों को साकार करने हेतु बच्चों को प्रोत्साहित किया। श्रीमती शर्मा ने अपने पर्यावरण को शुद्ध रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया तथा गीला कचरा और सूखा कचरा संबंधी बातें भी बताई। श्री एम. पी. सिंह (अतिरिक्त अधीक्षक , नगर निगम)एवं श्री राकेश शर्मा (स्वास्थ्य अधिकारी) ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने पर्यावरण को हरा भरा तथा स्व़च्छ बनाएँगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के छात्रों से स्वच्छता संबंधी स्लोगन पूछे गए तथा उन्हें पुरूस्कृत भी किया गया। संपूर्ण विद्यालय ने ये   शपथ ली कि वे अपने देश को स्वच्छता के शिखर तक पहुँचाएँगे । सकारात्मक सोच की टीम के साथ कक्षा नवीं के विद्यार्थियों ने श्रम दान किया।